Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to accord B-2 category status to Udaipur city.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): मैं अपने संसदीय क्षेत्र के उदयपुर शहर की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ। पूर्व में उदयपुर शहर के नगर निगम क्षेत्र की जनसंख्या लगभग 4 लाख 51 हजार 200 थी। वर्ष 2001 को सरकारी रिकार्ड के अनुसार उदयपुर शहर की जनसंख्या में लगभग 23 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई थी। इस वृद्धि दर को यदि आधार माना जाये तो वर्ष 2016 तक जनसंख्या लगभग 5 लाख को पार कर चुकी है तथा उदयपुर शहर के पेरीफेरी के 34 राजस्व ग्रामों को यू.आई.टी. क्षेत्र में माना गया है, इन ग्रामों की जनसंख्या में वर्ष 2016 तक हुई वृद्धि को जोड़ा जाये तो वर्तमान जनसंख्या में वर्ष 2016 तक हुई वृद्धि को जोड़ा जाये तो वर्तमान जनसंख्या लगभग 7.50 लाख से ऊपर जाती है।

अतः उपरोक्त तथ्यों और उदयपुर की जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ कि उदयपुर शहर को अतिशीघ्र “बी-2” श्रेणी का दर्जा दिया जाये जिससे यहां के कर्मचारियों एवं आम जनता को “बी-2” श्रेणी के सभी लाभ प्राप्त हो सके।